सत्यमेव जयते

# बिहार विधान सभा

# की

# राजकीय आश्वासन समिति

# का

# 350वाँ प्रतिवेदन

## (ऊर्जा विभाग)

(दिनांक .............................. ई० को सदन में उपस्थापित)

बिहार विधान सभा
की
राजकीय आश्वासन समिति प्रशाखा द्वारा प्रकाशित ।

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| 1. प्राक्कथन | क |
| 2. राजकीय आश्वासन समिति के माननीय सदस्यों एवं समिति के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची । | ख |
| 3. आश्वासनों की सूची | ग |
| 4. प्रतिवेदन | 1-21 |
| 5. परिशिष्ट | 22-43 |

## प्राक्कथन

मैं, सभापति, राजकीय आश्वासन समिति की हैसियत से बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-211 के तहत ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न वर्षों के कुल 21 आश्वासनों के कार्यान्वयन से संबंधित राजकीय आश्वासन समिति का 350वाँ प्रतिवेदन सदन में उपस्थापित करता हूँ ।

इस प्रतिवेदन में सन्निहित आश्वासनों को समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समीक्षोपरान्त कार्यान्वित माना गया तथा इस प्रतिवेदन को समिति की दिनांक 4 अप्रील, 2024 की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया ।

संसदीय लोकतंत्र में विधायकगण, विधान मंडल में जनता की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु जन-प्रतिनिधि द्वारा जनहित के विषय पर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया जाता है, जिस पर सरकार का आश्वासन होता है ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-284 के तहत गठित राजकीय आश्वासन समिति, सरकार द्वारा सदन में दिये गये ऐसे आश्वासनों, प्रतिज्ञाओं और वचनों आदि के कार्यान्वयन के प्रयोजनार्थ कार्य करती है तथा कार्यान्वित आश्वासनों से संबंधित प्रतिवेदन सदन में उपस्थापित करती है ।

इन आश्वासनों के कार्यान्वयन में विभागीय पदाधिकारियों तथा सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है ।

इस प्रतिवेदन को तैयार करने में समिति के सभी माननीय सदस्यों, सभा सचिवालय के पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के प्रति मैं अपना आभार प्रकट करता हूँ ।

दामोदर रावत,<br>
सभापति,<br>
राजकीय आश्वासन समिति,<br>
बिहार विधान सभा, पटना ।

## बिहार विधान सभा सचिवालय

--------

### बिहार विधान सभा के राजकीय आश्वासन समिति की वर्ष 2024–25 के माननीय सदस्यों की सूची

सभापति

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री दामोदर रावत | स०वि०स० |

सदस्यगण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री केदार नाथ सिंह | स०वि०स० |
| 2. | श्री संजय कुमार गुप्ता | स०वि०स० |
| 3. | श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' | स०वि०स० |
| 4. | श्री जनक सिंह | स०वि०स० |
| 5. | श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह | स०वि०स० |
| 6. | श्री सुदर्शन कुमार | स०वि०स० |
| 7. | श्री उमाकांत सिंह | स०वि०स० |
| 8. | श्री रामविशुन सिंह | स०वि०स० |
| 9. | श्री मुरारी प्रसाद गौतम | स०वि०स० |

### सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री राज कुमार | सचिव |
| 2. | श्री असीम कुमार | निदेशक |
| 3. | श्रीमती पूनम सिन्हा | उप-सचिव |
| 4. | सुश्री शिल्पा यादव | प्रशाखा पदाधिकारी |
| 5. | श्री राजीव कुमार सिंह | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 6. | श्री शक्ति कुमार प्रसाद | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 7. | श्री राजीव रंजन–III | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 8. | श्री मो० अली | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 9. | श्री रवि शंकर | डाटा इंट्री ऑपरेटर |

दिनांक 14 जून, 2023 को राजकीय आश्वासन समिति की हुई बैठक में ऊर्जा विभाग से संबंधित कार्यान्वित आश्वासनों की सूची—

| क्रम सं० | आश्वासन सं० |
|---|---|
| 1 | 209/03 |
| 2 | 29/04 |
| 3 | 278/04 |
| 4 | 38/06 |
| 5 | 286/09 |
| 6 | 298/09 |
| 7 | 1001/09 |
| 8 | 1007/09 |
| 9 | 1171/10 |
| 10 | 1201/10 |
| 11 | 1202/10 |
| 12 | 1003/10 |
| 13 | 580/11 |
| 14 | 174/11 |
| 15 | 74/12 |
| 16 | 1772/12 |
| 17 | 200/14 |
| 18 | 336/14 |
| 19 | 746/17 |
| 20 | 1049/17 |
| 21 | 1122/17 |

# प्रतिवेदन

## ऊर्जा विभाग विभाग

--------

### आश्वासन संख्या 209/03

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1995 (य-85), दिनांक 25 जुलाई, 2003 को (कार्यवाही से) ।

प्रश्नकर्ता--श्री रामस्वार्थ राय, स०वि०स० ।

विषय--सीतामढ़ी के बेलसंड विधान-सभा क्षेत्र जो विद्युत् प्रमंडल, सीतामढ़ी के अधीन बराही, बेनीपुर म० मसौला, अठकोनी, दम्मातीरौती, टूनप्राही, वरियारपुर, पहाड़पुर, हमदपुर-लौह, सूरका, जगदीशपुर, लदौरा आदि गांवों में प्रधानमंत्री ग्रमीण विद्युतीकरण एम०एन०पी० योजना के तहत चयनित गांवों का विद्युतीकरण ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री श्याम रजक, (राज्य मंत्री)**--(3) ग्राम, विशम्भरपुर, निमाहीब कुम्भा-हिरौनी, धनायपुर, अण्डहरा एवं माधोपुर छाता में कार्य प्रगति पर है ।

चयनित शेष गांव जहां औपचारिकताएँ पूरी की गई है वहां बरसात बाद विद्युतीकरण कराया जायेगा ।

(ज्ञाप संख्या 248-वि०स०, पटना, दिनांक 13 सितम्बर, 2003 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 248, दिनांक 13 सितम्बर, 2003 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-I पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 29/04

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 184 (य-40), दिनांक 11 जून, 2004 को (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री रामस्वार्थ राय, स०वि०स० ।

**विषय**--सीतामढ़ी जिला के सीतामढ़ी विद्युत प्रमंडल के अन्तर्गत बेलसंड विधान सभा क्षेत्र के चयनित कुल सताईस गांवों में विद्युतीकरण पूरा करना ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री श्याम रजक, (राज्य मंत्री)**--(3) कुछ दिन पूर्व तक निधि उपलब्धता नहीं रहने के कारण कार्य बाधित रहा है । अब निधि प्राप्त हो गये हैं । विद्युतीकरण का कार्य पूरा करने का प्रक्रिया की जा रही है ।

**श्री रामस्वार्थ राय**--महोदय, बात समझ लिया जाये । विद्युत् बोर्ड को को-ऑडीनेटर ने रुपया जमा कर दिया है । 10 लाख, 20 लाख रु० जो भी इनका रिक्यूजीशन था, वह जमा कर दिया गया है, उसके विरुद्ध इन्होंने राजकीय नलकूप के विद्युतीकरण का कार्य पूरा नहीं किया है ।

**अध्यक्ष**--माननीय मंत्री, आप ही जवाब दीजिये ।

**श्री श्याम रजक, (राज्य मंत्री)**--अध्यक्ष महोदय माननीय सदस्य और संबंधित पदाधिकारी के साथ बैठकर समय-सीमा के अन्दर कार्य करा देंगे ।

(ज्ञाप संख्या 126-वि०स०, पटना, दिनांक 16 जुलाई, 2004 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 126, दिनांक 16 जुलाई, 2004 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-II पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 278/04

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या (य-28,) दिनांक 7 दिसम्बर, 2004 के (मुद्रित पुस्तिका से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री रामस्वार्थ राय, स०वि०स० ।

**विषय**--सीतामढ़ी एवं शिवहर जिला के बेलसंड में विद्युत् की आपूर्ति ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--(2) बेलसंड विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कुल 137 गांवों में 61 गांव विद्युतीकृत है । शेष 76 गाँवों का विद्युतीकरण किया जाना है ।

(3) उक्त गांवों को वर्ष 2007 तक चरणबद्ध तरीके से विद्युतीकरण का लक्ष्य है ।

(ज्ञाप संख्या 375-वि०स०, पटना, दिनांक 14 फरवरी, 2005 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 375, दिनांक 14 फरवरी, 2005 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-III पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 38/06

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या-120 (य-18), दिनांक 3 मार्च, 2006 को (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री रामचन्द्र पूर्वे, स०वि०स० ।

**विषय**--सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा, परिहार एवं बथनाहा प्रखंड में विद्युत् सब-स्टेशन चालू करना ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री विजेन्द्र प्रसाद, (मंत्री)**--(2) राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत सभी गांवों का विद्युतीकरण वर्ष 2009 तक पूरा किया जाना है । इसी के तहत वह कार्य भी है । जो केन्द्रीय एजेंसी एन०एच०पी०सी० द्वारा किया जाना है ।

**श्री रामचन्द्र पूर्वे**--यह कबतक किया जाना है ?

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव**--(मंत्री) हम दोनों आदमी मिलकर जितना जल्द हो पायेगा अगले वित्तीय वर्ष में प्रयास करेंगे की इसकी समाप्ति हो जाये ।

(ज्ञाप संख्या 38-वि०स०, पटना, दिनांक 5 मई, 2006 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 38, दिनांक 05 मई, 2006 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-IV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 286/09

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 284 (य-22), दिनांक 3 जुलाई, 2009 की (कार्यवाही से)।

**प्रश्नकर्ता**--श्री नीतीश मिश्रा, स०वि०स०।

**विषय**--मधुबनी जिला के अंधराठाढ़ी, प्रखंड मुख्यालय में जमीन अधिगहण कर पावर स्टेशन का निर्माण कराने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

**श्री रामाश्रय प्रसाद सिंह, (मंत्री)**--भूमि अधिग्रहण के पश्चात् निर्माण कार्य एक साल के अंदर पूरा करने के लक्ष्य है।

(ज्ञाप संख्या 286-वि०स०, पटना, दिनांक 16 जुलाई, 2009 ई०)।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 286, दिनांक 16 जुलाई, 2009 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था। ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-V पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया। जिस पर राजकीय आश्वासनं समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया।

## आश्वासन संख्या 298/09

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 297 (य-43), दिनांक 3 जुलाई, 2009 की (कार्यवाही से)।

**प्रश्नकर्ता**--श्री अब्दुल जलील, स०वि०स०।

**विषय**--कटिहार जिला में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना को लागू करने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

**श्री रामाश्रय प्रसाद सिंह, (मंत्री)**--कटिहार जिलान्तर्गत राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना में चयनित गांवों का विद्युतीकरण हेतु कार्यादेश माह मई, 2009 में निर्गत किया जा चुका है। कार्य प्रारंभ हो रहा है। अगले वित्तीय वर्ष तक सभी कार्य पूरा करने का लक्ष्य है।

(ज्ञाप संख्या 298-वि०स०, पटना, दिनांक 16 जुलाई, 2009 ई०)।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 298, दिनांक 16 जुलाई, 2009 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था। ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट VI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया। जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया।

## आश्वासन संख्या 1001/09

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या (य-46), दिनांक 24 जुलाई, 2009 के तृतीय सत्र के (मुद्रित पुस्तिका से) ।

**प्रश्नकर्ता सदस्य**--श्री तारकिशोर प्रसाद, स०वि०स० ।

**विषय**--कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी स्थित पावर सब-स्टेशन का निर्माण के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी में 33/11 के०भी० विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र का निर्माण कार्य राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का विस्तृत कार्य योजना (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) में शामिल है । योजना की स्वीकृति आर०ई०सी० लिमिटेड से प्राप्त होने के पश्चात् उक्त विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र के निर्माण की दिशा में आगे की कार्रवाई की जा सकेगी ।

(ज्ञाप संख्या 1001-वि०स०, पटना, दिनांक 8 सितम्बर, 2009 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1001, दिनांक 8 सितम्बर, 2009 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1007/09

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या (य-41), दिनांक 24 जुलाई, 2009 के तृतीय सत्र के (मुद्रित पुस्तिका से) ।

**प्रश्नकर्ता सदस्या**--श्रीमती सुनीता देवी, स०वि०स० ।

**विषय**--कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों को विद्युतीकरण के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--कटिहार जिला के विद्युत् से वंचित गांवों का विद्युतीकरण राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत करने हेतु बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड द्वारा 191.69 रुपये का विस्तृत कार्य योजना (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाकर आर०ई०सी०लि० का स्वीकृति प्रदान करने हेतु भेजी जा चुकी है । कार्य योजना का स्वीकृति के उपरान्त उक्त गांव का विद्युतीकरण की दिशा में आगे की कार्रवाई की जा सकेगी ।

(ज्ञाप संख्या 1007-वि०स०, पटना, दिनांक 8 सितम्बर, 2009 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1007, दिनांक 08 सितम्बर, 2009 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1171/10

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या (य-148), दिनांक 22 जुलाई, 2010 को सदन पटल से चतुर्दश बिहार विधान सभा के पंचम सत्र के (मुद्रित पुस्तिका से)।

**प्रश्नकर्ता**--श्री तारकिशोर प्रसाद, स०वि०स०।

**विषय**--कटिहार विधान सभा क्षेत्र के गांवों को विद्युतीकरण के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--प्रश्नाधीन क्षेत्र ग्रामों का विद्युतीकरण राज्य योजना के अंतर्गत बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड द्वारा वर्ष 2007-08 तक ऊर्जान्वित करने का लक्ष्य है।

(ज्ञाप संख्या 1171-वि०स०, पटना, दिनांक 1 अक्टूबर, 2010 ई०)।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1171, दिनांक 1 अक्टूबर, 2010 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था। ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-IX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया। जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया।

**आश्वासन संख्या 1201/10**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या (य-83), दिनांक 22 जुलाई, 2010 को सदन पटल से चतुर्दश बिहार विधान सभा के पंचम सत्र के (मुद्रित पुस्तिका से) ।

**प्रश्नकर्ता**--हरिभूषण ठाकुर 'बचोल', स०वि०स० ।

**विषय**--मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखंड के ग्राम-जमुआरी पूरब टोला का विद्युतीकरण कराने का संबंध में ।

**सरकारी आश्वासन**

**प्रभारी मंत्री**--मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखंड के जमुआरी पूरब टोला के विद्युतीकरण का कार्य राज्य योजना के अंतर्गत किया जाना है, जिसके लिये आवश्यक कार्रवाई की जा रही है । कार्य जुलाई, 2007 तक पूरा करने का लक्ष्य है ।

(ज्ञाप संख्या 1201-वि०स०, पटना, दिनांक 1 अक्टूबर, 2010 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 1201, दिनांक 01 अक्टूबर, 2010 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-X पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1202 / 10

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या य-79, दिनांक 22 जुलाई, 2010 को सदन पटल से चतुर्दश बिहार विधान सभा के पंचम सत्र के (मुद्रित पुस्तिका से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री हरि भूषण ठाकुर 'बचोल', स०वि०स० ।

**विषय**--मधुबनी जिला के बिस्फी विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों को विद्युतीकरण करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--विद्युतीकरण का कार्य संपन्न कराने हेतु मेसर्स आई०भी०आर०सी०एल० हैदराबाद को आवंटित किया गया है । विद्युतीकरण का कार्यान्वयन काल वर्ष, 2009 तक निर्धारित है ।

(ज्ञाप संख्या 1202-वि०स०, पटना, दिनांक 1 अक्टूबर, 2010 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1202, दिनांक 1 अक्टूबर, 2010 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आंश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1003/10

### प्रसंग एवं विषय

अनागत तारांकित प्रश्न संख्या य-92, दिनांक 21 जुलाई, 2010 को सदन पटल से चतुर्दश बिहार विधान सभा के अष्टम सत्र के (मुद्रित पुस्तिका से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री संजय सरावगी, स०वि०स० ।

**विषय**--दरभंगा शहर में स्ट्रीट लाइट फेज की व्यवस्था कराने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--अलग से स्ट्रीट लाइट फेज की व्यवस्था हेतु भी कार्रवाई की जा रही है ।

(ज्ञाप संख्या 1003-वि०स०, पटना, दिनांक 16 सितम्बर, 2010 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1003, दिनांक 16 सितम्बर, 2010 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 580/11

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1452 (य-86), दिनांक 16 मार्च, 2011 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री इजहार अहमद, स०वि०स० ।

**विषय**--दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल एवं-गौड़ा बोराम प्रखंड के बलिया, बरेडिहा, हाटी, कुमई, साहो गांव में जले हुये ट्रांसफॉर्मर को बदलने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--बलिया, बरेडीह एवं रॉटी के खराब ट्रांसफॉर्मर को एक सप्ताह में बदलकर विद्युत् आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी ।

(ज्ञाप संख्या 580-वि०स०, पटना, दिनांक 11 मई, 2011 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 580, दिनांक 11 मई, 2011 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 174/11

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 384 (स-84), दिनांक 04 मार्च, 2011 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री अरूण कुमार सिन्हा, स०वि०स० ।

**विषय**--पटना जिला के अन्य प्रमुख अंचलों में अन्डरग्राउण्ड केबलिंग कराने संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--पटना राजधानी के अन्य इलाके में अन्डरग्राउण्ड केबलिंग कार्य कराने हेतु विस्तृत कार्य परियोजना तैयार की जा रही है । यह कार्य विचाराधीन है एवं किसी अन्य योजना में सम्मिलित होना है एवं निधि के उपलब्धता के आधार पर कार्य के कार्यान्वयन की रूपरेखा तय किया जायेगा ।

(ज्ञाप संख्या 174-वि०स०, पटना, दिनांक 24 मार्च, 2011 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 174, दिनांक 24 मार्च, 2011 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 74/12

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 104 (य-54), दिनांक 24 मार्च, 2012 की (कार्यवाही से)।

**प्रश्नकर्ता**--श्री संजय सरावगी, स०वि०स०।

**विषय**--दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा प्रखंड के केतुका, चैनपुर, कंशी मुहशरी टोला, चक्का, चन्दनपट्टी, गंगवाड़ा, अम्बेदकरनगर, छपकी, परड़ी एवं अन्य गांवों में राजीव गांधी विद्युतीकरण के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव (मंत्री)**--चन्दनपट्टी 1X25 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर स्थापित है लेकिन ग्रामीणों द्वारा प्रतिरोध के कारण 11 के०भी०ए० लाइन बाधित है। इसे शीघ्र चालू करा दिया जायेगा।

**गोलापुर**--एन०एच०पी०सी० द्वारा ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया जा चुका है लेकिन 11 के०भी०ए० लाइन को अभी चार्ज नहीं किया गया है। इसे शीघ्र चालू कर दिया जायेगा।

**पोषणपुरा/गोसाईटोला**--सम्भवत: किसी राजस्व गांव के टोले हैं। इनकी जानकारी प्राप्त कर एन०एच०पी०सी० द्वारा विद्युतीकरण कराया जायेगा।

**श्री संजय सरावगी**--अध्यक्ष महोदय, मैं दूसरी बात कह रहा हूँ, माननीय मंत्री जी दूसरी बात कह रहे हैं। मैं कह रहा हूँ कि वहां चालू ही नहीं हुआ तो जलने का सवाल ही कहा है ? जहां बिहार राज्य विद्युत बोर्ड ने बिजली की आपूर्ति चालू ही नहीं की है, तो वहां जलने का सवाल कहां पैदा होता है ? माननीय मंत्री जी से यह आग्रह करता हूँ कि जितने गांव का नाम मैंने दिया और जो विभाग द्वारा रिपोर्ट दिया गया है, मैं चुनौती देता हूँ। माननीय मंत्री जी किसी वरीय पदाधिकारी को, क्योंकि सदन में अगर गलत जवाब आता है तो निश्चित रूप से सरकार के...... इसलिये मैं कहता हूँ कि उसको जांच कराकर कि गलत रिपोर्ट दिया है.........

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, (मंत्री)**--मेम्बर (टैक्निकल) जाकर पूरी स्थिति की जानकारी करके एक सप्ताह में प्रतिवेदन देंगे।

(ज्ञाप संख्या 74-वि०स०, पटना, दिनांक 16 मार्च, 2012 ई०)।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 74, दिनांक 16 मार्च, 2012 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था। ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया। जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया।

## आश्वासन संख्या 1772/12

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 77 (य-16), दिनांक 30 नवम्बर, 2012 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्रीमती सुनीता सिंह, स०वि०स० ।

**विषय**--सीतामढ़ी जिला के बेलसंड नगर पंचायत के वार्ड संख्या 10 एवं 12 को विद्युतीकरण करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--उक्त वार्ड को अगली योजना में शामिल कर विद्युतीकरण किया जायेगा ।

(ज्ञाप संख्या 1772-वि०स०, पटना, दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1772, दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XVI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 200/14

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 682 (य-23), दिनांक 11 जुलाई, 2014 को (सदन पटल से) ।

प्रश्नकर्ता--श्री अरूण शंकर प्रसाद, स०वि०स० ।

विषय--मधुबनी जिला के जयनगर प्रखंड अवस्थित पड़वा, वेलाही पंचायत के वार्ड नं० 15, 16 17 तथा सेलरा पंचायत के वार्ड नं० 2 इत्यादि गांवों एवं वार्डों में बिजली सुविधा बहाल करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

प्रभारी मंत्री--वैसे सभी गाँवों/टोलों जिसकी जनसंख्या 100 से अधिक है, को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के 12वीं योजनान्तर्गत किये जाने का लक्ष्य है जिसमें प्रश्नवर्णित पंचायतों का भी विद्युतीकरण किया जाना है । संवेदक के चयन हेतु प्रक्रिया जारी है । दो माह के अंदर संवेदक के चयन कर विद्युतीकरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा ।

(ज्ञाप संख्या 200-वि०स०, पटना, दिनांक 8 अगस्त, 2014 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 200, दिनांक 08 अगस्त, 2014 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XVII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

**आश्वासन संख्या 336/14**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 1073 (य-110), दिनांक 18 जुलाई, 2014 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री (डॉ०) फैयाज अहमद, स०वि०स० ।

**विषय**--मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत ससरमा, भतौरा, घाट भटरा, भटरा, सिगरहा, असुरा, अटहरवा इत्यादि गांवों में विद्युतीकरण कराकर लोगों को बिजली मुहैया कराने के संबंध में ।

**सरकारी आश्वासन**

**प्रभारी मंत्री**--राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण के 12वीं योजना के अन्तर्गत सभी ग्रामों/टोलों का (जिनकी आबादी अधिक है) शत-प्रतिशत विद्युतीकरण करने का प्रावधान है । उक्त योजना के तहत संवेदक के चयन की प्रक्रिया दो माह के भीतर पूरी कर लेने का लक्ष्य है । तदुपरांत विद्युतीकरण का कार्य दो वर्ष के अन्तर्गत पूरा करने का लक्ष्य है ।

(ज्ञाप संख्या 336-वि०स०, पटना, दिनांक 18 सितम्बर, 2014 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 336, दिनांक 18 सितम्बर, 2014 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XVIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

### आश्वासन संख्या 746/17

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 2531 (य-150), दिनांक 24 मार्च, 2017 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री आबिदूर रहमान, स०वि०स० ।

**विषय**--अररिया जिलान्तर्गत नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं० 11 के डमहेली गांव, वार्ड नं० 5 के हरियाबाड़ा, हृदयपुर, बुझारीबाद वार्ड नं० 29 के मिर्जाभान, तेरियर में विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित कराने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--आंशिक स्वीकारात्मक है । अररिया जिलान्तर्गत नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं० 11 के डमहेली गाँव, वार्ड नं० 5 के हरियाबाड़ा, हृदयपुर, बुझारीबाद वार्ड नं० 29 के मिर्जाभावन तेरियर में अधूरे/वंचित स्थानों में विद्युतीकरण का कार्य आई०पी०डी० एस० योजना के तहत प्रस्तावित है । संवेदक को कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है । कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य दिसम्बर, 2018 निर्धारित है ।

(ज्ञाप संख्या 2981-2984-वि०स०, पटना, दिनांक 18 जुलाई, 2017 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 2981-2984, दिनांक 18 जुलाई, 2017 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XXI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1049/17

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 3025 (य-158), दिनांक 31 मार्च, 2017 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री रामदेव राय, स०वि०स० ।

**विषय**--बेगूसराय जिला के बछवाड़ा, भगवानपुर एवं मंसूरचक प्रखंडों में नये ट्रांसफॉर्मर लगाकर उपभोक्ताओं की कठिनाइयों को दूर करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, (मंत्री)**--महोदय, शहरी क्षेत्रों में 24 घंटा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घंटा के भीतर जले ट्रांसफॉर्मर को बदलने का प्रावधान है ।

बेगूसराय जिला के बछवाड़ा, भगवानपुर एवं मंसूरचक प्रखंड में वर्तमान में 63 के०वी०ए० या उससे अधिक क्षमता के ट्रांसफॉर्मर जले हुये नहीं हैं । उक्त प्रखंडों में 16/25 के०वी०ए० क्षमता के कुल 189 ट्रांसफॉर्मर बदले जा चुके हैं । 34 स्थानों पर 16/25 के०वी०ए० के जले ट्रांसफॉर्मर के उपभोक्ताओं को उच्च क्षमता के स्थापित दूसरे ट्रांसफॉर्मरों से विद्युत आपूर्ति की जा रही है । वर्तमान के सभी जगहों पर विद्युत् आपूर्ति सामान्य रूप से बहाल है ।

**श्री रामदेव राय**--महोदय, प्रश्नकर्ता उस क्षेत्र का विधानयक है और वह सर्वेक्षण कराकर के प्रश्न पूछा है । जब से विधायक बना हूँ तब से मेरे क्षेत्र में मा० मंत्री जी के आदेश से मात्र 5 ट्रांसफार्मर लगा और 63 के०भी०ए० की बात नहीं है । मैं पूरे ट्रांसफॉर्मर के बारे में बता रहा हूँ । 25 के०भी०ए० भी जला हुआ है और इतना का भरी जला हुआ है । इसलिये मैंने मा० मंत्री जी से सिर्फ इतना ही कहूँगा कि अपने अधिकारी को निर्देश दे कि मैं सूची दूँगा और सर्वेक्षण करके वे लगा देंगे । सीधी-सी बात है ।

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, (मंत्री)**--महोदय, इतना ही नहीं मैं मा० सदस्य को आश्वस्त करता हूँ कि अधिकारी को निदेश दिया जायेगा कि मा० सदस्य के पूरी सूची लेकर इनके साथ जाकर देंगे और अगर बात गलत होगा तो कार्रवाई की जायेगी ।

(ज्ञाप संख्या 4193-4196 वि०स०, पटना, दिनांक 30 अगस्त, 2017 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 4193-4196, दिनांक 30 अगस्त, 2017 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 1122/17

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 3088 (य-166), दिनांक 31 मार्च, 2017 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० ।

**विषय**--भागलपुर नगर निगम के वार्ड नं० 4, 29, 31, 33, 342, 43, 44, 48, 49, 50 एवं 51 में विद्युत् की आपूर्ति जर्जर लकड़ी के पोल एवं तार को बदलने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--स्वीकारात्मक है । डिस्ट्रब्यूशन फ्रेंचाइजी भागलपुर (इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रब्यूशन कम्पनी प्रा० लि०)फ्रेंचाइजी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है । कि वर्णित प्रश्न में उल्लेखित वार्डों के एल०टी० लाइनों में लगभग 11,00 लकड़ी के पोल और 6 कि०मी० जर्जर तार हैं । जिनको माह दिसम्बर, 2017 तक बदलने का लक्ष्य है ।

(ज्ञाप संख्या 4485-4488-वि०स०, पटना, दिनांक 30 अगस्त, 2017 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 4485-4488, दिनांक 30 अगस्त, 2017 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 14 जून, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 14 जून, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

# परिशिष्ट

पत्रांक-प्र02/विविध (रा० आ०) 23/03-3083

**बिहार सरकार**

**ऊर्जा विभाग**

प्रेषक

श्रवण कुमार,
आंतरिक वित्तीय सलाहकार ।

सेवा में

अवर-सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

पटना, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 (ई०) ।

विषय--बिहार विधान सभा की राजकीय आश्वासन समिति की ऊर्जा विभाग से संबंधित वर्ष 2001 से 2022 तक की लंबित आश्वासनों का कार्यान्वयन प्रतिवेदन संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक बिहार विधान सभा की राजकीय आश्वासन समिति की ऊर्जा विभाग से संबंधित वर्ष 2001 से 2022 तक की लंबित आश्वासनों का कार्यान्वयन प्रतिवेदन संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी रही जा रही है ।

अनुरोध है कि उक्त आश्वासनों को लंबित सूची से विलोपित करने की कृपा की जाये ।

विश्वासभाजन,
श्रवण कुमार,
आंतरिक वित्तीय सलाहकार ।

## परिशिष्ट-I

**श्री रामस्वार्थ राय, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-209/2003 का उत्तर प्रतिवेदन ।**

### विषय

बेलसंड विधान सभा क्षेत्र जो विद्युत् प्रमंडल, सीतामढ़ी के अधीन है बराही, बेनीपुर, माधोपुर, मसौला, अठकोनी, दुम्मातीरौती, टनप्राही, बरियारपुर, पहाड़पुर, हमदपुर लौह सरका, जगदीशपुर, लदौरा आदि गांवों में प्रधानमंत्री ग्रामीण विद्युतीकरण एन०एन०पी० योजना के तहत चयनित गांवों का विद्युतीकरण ।

### सरकारी आश्वासन

ग्राम-विशम्भरपुर, निमाहीब कुम्भा-हिरौना, धनायपुर, अण्डहरा एवं माधोपुर छाता में कार्य प्रगति पर है । चयनित शेष गांव जहां औपचारिकतायें पूरी की गई है वहां बरसात बाद विद्युतीकरण कराया जायेगा ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

बेलसंड विधान सभा क्षेत्र जो विद्युत् प्रमंडल सीतामढ़ी के अधीन है बराही, बेनीपुर, माधोपुर, मसौला, अठकोनी, दुम्मातीरौती, टनप्राही, बरियारपुर, पहाड़पुर, हमदपुर लौह सरका, जगदीशपुर, लदौरा आदि गांवों का विद्युतीकरण किया गया है । विद्युत् आपूर्ति सामान्य है ।

## परिशिष्ट-II

**श्री रामस्वार्थ राय, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-29/2004 का उत्तर प्रतिवेदन ।**

### विषय

सीतामढ़ी जिला के सीतामढ़ी विद्युत् प्रमंडल के अन्तर्गत बेलसंड विधान सभा क्षेत्र के चयनित सताईस गांवों में विद्युतीकरण पूरा करना ।

### सरकारी आश्वासन

कुछ दिन पूर्व तक निधि उपलब्धता नहीं रहने के कारण कार्य बाधित रहा है । अब निधि प्राप्त हो गये है । विद्युतीकरण का कार्य पूरा करने की प्रक्रिया की जा रही है ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सीतामढ़ी विद्युत् प्रमंडल के अन्तर्गत बेलसंड विधान सभा के चयनित सताईस गांवों/टोलों/मुहल्लों का विद्युतीकरण किया गया है । साथ ही सभी जगह विद्युत् आपूर्ति सामान्य है ।

## परिशिष्ट-III

**श्री रामचन्द्र पूर्वे**, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-278

**विषय**

सीतामढ़ी एवं शिवहर जिला के बेलसंड में विद्युत् की आपूर्ति ।

**सरकारी आश्वासन**

बेलसंड विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कुल 137 गांवों में से 81 गाँवों विद्युतीकृत है । शेष गांवों को वर्ष 2007 तक चरणबद्ध तरीके से विद्युतीकरण का लक्ष्य है ।

**अनुपालन प्रतिवेदन**

सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड के सभी ग्राम/टोलों का विद्युतीकरण कार्य RE-DDUGJY योजना के अन्तर्गत पूर्ण किया गया है । विद्युत् आपूर्ति सामान्य है ।

## परिशिष्ट-IV

**श्री रामचन्द्र पूर्वे**, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-38/2006 का उत्तर प्रतिवेदन ।

### विषय

सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा, परिहार एवं बथनाहा प्रखंड में विद्युत् सब-स्टेशन चालू कराना ।

### सरकारी आश्वासन

राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत सभी गांवों का विद्युतीकरण वर्ष 2009 तक पूरा किया जाना है । इसी के तहत यह कार्य भी है जो केन्द्रीय एजेंसी एन०एच०पी०सी० द्वारा किया जाना है ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

वर्तमान में सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड में दो विद्युत् सब-स्टेशन (परछहिया एवं मधेसरा), परिहार प्रखंड में एक विद्युत् सब-स्टेशन (सिरसिया) एवं बथनाहा प्रखंड में दो विद्युत् सब-स्टेशन (बथनाहा एवं नरहा) में सब-स्टेशन निर्माण कार्य पूर्ण कर विद्युत् आपूर्ति सामान्य रूप से की जा रही है ।

## परिशिष्ट-V

मानननीय सदस्य विधान सभा, श्री नीतीश मिश्रा, आश्वासन सं०-286/09 का अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन ।

### आश्वासन

मधुबनी जिला अंधराठाढ़ी प्रखंड मुख्यालय में जमीन अधिग्रहण कर पावर स्टेशन का निर्माण कराने के संबंध में ।

### उत्तर प्रतिवेदन

मधुबनी जिला के अंधराठाढ़ी प्रखंड मुख्यालय के पीछे विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र स्थापित कर विद्युत् आपूर्ति की जा रही है ।

## परिशिष्ट-VI

**श्री अब्दुल जलील, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-298/09 का उत्तर प्रतिवेदन ।**

### विषय

कटिहार जिला में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना लागू करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

कटिहार जिलान्तर्गत राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना में चयनित गांवों का विद्युतीकरण हेतु कार्यादेश माह मई, 2009 में निर्गत किया जा चुका है । कार्य प्रारंभ हो रहा है । अगले वित्तीय वर्ष तक सभी कार्य पूरा करने का लक्ष्य है ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

कटिहार जिला में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (पूर्ववर्त्ती राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना) अन्तर्गत विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण किया गया है ।

## परिशिष्ट-VII

**श्री तारकिशोर प्रसाद, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-1001/09 का उत्तर प्रतिवेदन ।**

### विषय

कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी स्थित पावर सब-स्टेशन का निर्माण के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी में 33/11 के०भी० विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र का निर्माण कार्य रजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का विस्तृत कार्य योजना (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) में शामिल है । योजना की स्वीकृति आर०ई०सी० लिमिटेड से प्राप्त होने के पश्चात् उक्त विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र के निर्माण की दिशा में आगे की कार्रवाई की जा सकेगी ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (पूर्ववर्त्ती राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी (नवाबगंज) में 33/11 के०भी० विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र का निर्माण कर जुलाई, 2018 में ऊर्जान्वित किया गया है ।

## परिशिष्ट-ỵIII

**श्रीमती सुनीता देवी,** स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-1007/09 का उत्तर प्रतिवेदन ।

### विषय

कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों को विद्युतीकरण के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

कटिहार जिला के विद्युत् से वंचित गांवों का विद्युतीकरण राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत करने हेतु बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड द्वारा 191.69 रुपये का विस्तृत कार्य योजना (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाकर आर०ई०सी का स्वीकृति प्रदान करने हेतु भेजी जा चुकी है । कार्य योजना का स्वीकृति के उपरान्त उक्त गांव का विद्युतीकरण की दिशा में आगे की कार्रवाई की जा सकेगी ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों को विद्युतीकरण का कार्य दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना अन्तर्गत किया गया है । वर्तमान में सामान्य रूप से विद्युत् आपूर्ति हो रही है ।

## परिशिष्ट-IX

**श्री तारकिशोर प्रसाद, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-1171/10 का उत्तर प्रतिवेदन ।**

### विषय

कटिहार विधान सभा क्षेत्र के गांवों को विद्युतीकरण के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

प्रश्नवर्णित ग्रामों का विद्युतीकरण राज्य योजना के अन्तर्गत बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड द्वारा 2007-08 तक ऊर्जान्वित करने का लक्ष्य है ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

कटिहार विधान सभा क्षेत्र में कुल दो प्रखंड कटिहार सदर एवं हसनगंज है । वर्णित प्रखंड में ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना अन्तर्गत किया गया है । तथा इच्छुक परिवारों को विद्युत् सम्बन्ध दिया गया है ।

## परिशिष्ट-X

**श्री हरिभूषण ठाकुर 'बचोल' स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-1201/10 का उत्तर प्रतिवेदन ।**

**विषय**

मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखंड के ग्राम-जमुआरी पूरब टोला का विद्युतीकरण कराने के संबंध में ।

**सरकारी आश्वासन**

मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखंड के जमुआरी पूरब टोला के विद्युतीकरण का कार्य राज्य योजना के अन्तर्गत किया जाना है, जिसके लिये आवश्यक कार्रवाई की जा रही है । कार्य जुलाई, 2007 तक पूरा करने का लक्ष्य है ।

**अनुपालन प्रतिवेदन**

मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखंड के ग्राम-जमुआरी पूरब टोला का विद्युतीकरण किया गया है ।

## परिशिष्ट-XI

**श्री हरिभूषण ठाकुर 'बचोल', स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-1202/10 का उत्तर प्रतिवेदन ।**

### विषय

मधुबनी जिला के बिस्फी विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का विद्युतीकरण करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

विद्युतीकरण का कार्य सम्पन्न कराने हेतु मे० आई०भी०आर०सी०एल०, हैदराबाद को आवंटित किया गया है । विद्युतीकरण का कार्यान्वयन काल वर्ष 2009 तक निर्धारित है ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

मधुबनी जिला के बिस्फी विधान सभा क्षेत्र के सभी गांवों का विद्युतीकरण कर दिया गया है ।

## परिशिष्ट-XII

मानतीय श्री संजय सरावगी, सदस्य विधान सभा से प्राप्त आश्वासन सं०-1003/10 का उत्तर प्रतिवेदन ।

### प्रश्न

दरभंगा शहर में स्ट्रीट लाइट फेज की व्यवस्था कराने के संबंध में ।

### उत्तर

वस्तुस्थिति यह है कि दरभंगा शहर में वैसे स्थानों में जहां स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापित किये जा चुके थे । उसे एक फेज लाइन देकर ऊर्जान्वित करा दिया गया है ।

## परिशिष्ट-XIII

मानीय श्री इजहार अहमद, सदस्य विधान सभा से प्राप्त आश्वासन सं०-580/11 का उत्तर प्रतिवेदन ।

### प्रश्न

दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल एवं गौड़ा बौराम प्रखंड के बलिया, बरेडीह, हाटी, कुमई, साहो गांव में जले हुये ट्रांसफॉर्मर को बदलने के संबंध में ।

### उत्तर

वस्तुस्थिति यह है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल एवं गौरा-बौराम प्रखंड के बलिया, बरेडीह, हाटी, कुमई, साहो गांव में जले हुये सभी ट्रांसफॉर्मर को पूर्व में ही बदल दिया गया है एवं विद्युत् की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है । वर्तमान में उक्त गांव में कोई भी ट्रांसफॉर्मर जले/खराब नहीं है ।

## परिशिष्ट-XIV

### आश्वासन संख्या 174/11

### प्रसंग एवं विषय

**प्रश्नकर्ता**--माननीय श्री अरूण कुमार सिन्हा, स०वि०स० ।

**सरकारी आश्वासन**--पटना जिला के अन्य प्रमुख अंचलों में अन्डरग्राउन्ड केबलिंग कराने के संबंध में ।

### कार्यान्वयन प्रतिवेदन

पटना जिला में आई०पी०डी०एस०, बी०आर०जी०एफ० तथा आर०ए०पी०डी०आर०पी० योजनान्तर्गत 355.30 कि०मी० 33 के०भी० तथा 213.54 कि०मी० 11 के०भी० अन्डरग्राउन्ड केबलिंग का कार्य पूर्ण किया गया है ।

## परिशिष्ट-XV

माननीय श्री संजय सरावगी, सदस्य विधान सभा से प्राप्त आश्वासन सं०-74/12 का उत्तर प्रतिवेदन ।

### प्रश्न

दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा प्रखंड के केतुका, चैनपुर, कंशी मुहशरी टोला, चक्का, चन्दनपट्टी, गंगवाड़ा, अम्बेदकरनगर, छपकी, परड़ी एवं अन्य गांवों में राजीव गाँधी विद्युतीकरण के संबंध में ।

### उत्तर

वस्तुस्थिति यह है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केतुका, कंशी मुहशरी टोला, चक्का, चन्दनपट्टी, गंगवाड़ा, अम्बेदकरनगर में 63 के०वी०ए० के एक-एक ट्रांसफॉर्मर, चैनपुर में 63 के०वी०ए० के एक ट्रांसफॉर्मर एवं 100 के०वी०ए० का एक ट्रांसफॉर्मर, छपकी परड़ी में 500 के०वी०ए० का एक ट्रांसफॉर्मर, 200 के०वी०ए० का पाँच ट्रांसफॉर्मर तथा 100 के०वी०ए० का एक ट्रांसफॉर्मर अधिष्ठापित कर दिया गया है । उक्त सभी गावों में विद्युत् की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही हैं ।

## परिशिष्ट-XVI

श्रीमती सुनीता सिंह, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-1772/12 का उत्तर प्रतिवेदन ।

### विषय

सीतामढ़ी जिला के बेलसंड नगर पंचायत के वार्ड सं०-10 एवं 12 की विद्युतीकरण करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

उक्त वार्ड को अगली योजना में शामिल कर विद्युतीकरण किया जायेगा ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

सीतामढ़ी जिला के बेलसंड नगर पंचायत के वार्ड सं०-10 एवं 12 का विद्युतीकरण आई०पी०डी०एस० योजना के अन्तर्गत करा दिया गया है । उक्त वार्डों में विद्युत् आपूर्ति सामान्य है ।

## परिशिष्ट-XVII

श्री अरूण शंकर प्रसाद, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-200/14 का उत्तर प्रतिवेदन ।

### विषय

मधुबनी जिला के जयनगर प्रखंड अवस्थित पड़वा बेलही पंचायत के वार्ड नं०-15, 16, 17 तथा सेलरा पंचायत के वार्ड नं०-2 इत्यादि गांवों एवं वार्डों में बिजली सुविधा बहाल करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

वैसे सभी गांवों/टोंलों जिसकी जनसंख्या 100 से अधिक है, को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना 12वीं योजनान्तर्गत किये जाने का लक्ष्य है । जिसमें प्रश्नवर्णित पंचायतों का भी विद्युतीकरण किया जाना है । संवेदक के चयन हेतु प्रक्रिया जारी है । दो माह के अंदर संवेदक के चयन कर विद्युतीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

मधुबनी जिला के जयनगर प्रखंड अवस्थित पड़वा बेलही पंचायत के वार्ड नं०-15, 16, 17 तथा सेलरा पंचायत के वार्ड नं०-2 इत्यादि गांवों एवं वार्डों में विद्युतीकरण किया गया है ।

## परिशिष्ट-XVIII

श्री (डॉ०) फैयाज अहमद, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-336/14 का उत्तर प्रतिवेदन ।

### विषय

मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत ससरमा, भतौरा, घाट भटरा, भटरा, सिंगराहा, असुरा अटहरवा इत्यादि गांवों को विद्युतीकरण कराकर लोगों को बिजली मुहैया कराने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण के 12वीं योजना के अन्तर्गत सभी ग्राम/टोलों का (जिनकी आबादी 100 से अधिक है) शत-प्रतिशत विद्युतीकरण करने का प्रावधान है । उक्त योजना के तहत संवेदक के चयन की प्रक्रिया दो माह के भीतर पूरी कर लेने का लक्ष्य है । तदुपरांत विद्युतीकरण का कार्य दो वर्ष के अन्तर्गत पूरा करने का लक्ष्य है ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंडान्तर्गत ससरमा, भतौरा, घाट भटरा, भटरा, सिंगराही, असुरा, अटहरवा इत्यादि गांवों का विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ।

## परिशिष्ट-XIX

श्री आबिदुर रहमान, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं०-746/17 का उत्तर प्रतिवेदन ।

### विषय

अररिया जिलान्तर्गत नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं०-11 के डमहैली गांव, वार्ड नं०-05 के हरियाबाड़ा, हृदयपुर, बुझारीबाद, वार्ड नं०-29 के मिर्जाभान तेरियर में विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित कराने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

आंशिक स्वीकारात्मक है । अररिया जिलान्तर्गत नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं०-11 के डमहैली गांव, वार्ड नं०-5 के हरियाबाड़ा, हृदयपुर, बुझारीबाद, वार्ड नं०-29 के मिर्जाभान तेरियर में आधूरे वांछित स्थानों में विद्युतीकरण का कार्य आई०पी०डी०एस० योजना के तहत प्रस्तावित है । संवेदक को कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है । कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य 2018 निर्धारित है ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

अररिया जिलान्तर्गत नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड संख्या-11 के डमहैली गांव, वार्ड संख्या 05 के हरियाबाड़ा, हृदयपुर, बुझारीबाद, वार्ड सं०-29 के मिर्जाभान तेरियर में विद्युतीकरण का कार्य आई०पी०डी०एस० योजना के तहत पूर्ण कर लिया गया है एवं विद्युत् आपूर्ति सामान्य रूप से हो रही है ।

## परिशिष्ट-XX

माननीय श्री रामदेव राय, सदस्य विधान सभा से प्राप्त आश्वासन सं०-1049/17 का उत्तर प्रतिवेदन ।

### प्रश्न

बेगूसराय जिला के बछवाड़ा, भगवानपुर एवं मंसूरचक प्रखंडों में नये ट्रांसफॉर्मर लगाकर उपभोक्ताओं की कठिनाइयों को दूर करने के संबंध में ।

### उत्तर

वस्तुस्थिति यह है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा, भगवानपुर एवं मंसूरचक में 16/25 के०वी०ए० के खराब कुल 189 ट्रांसफॉर्मर को 63 के०वी०ए० के ट्रांसफॉर्मर से बदल दिया गया है । 34 स्थानों पर 16/25 के०वी०ए० के जले ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर 63/100 के०वी०ए० के उच्च क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर अधिष्ठापित कर दिया गया है । उक्त प्रखंडों में विद्युत् की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है । वर्तमान में कोई भी ट्रासंफॉर्मर जले/खराब नहीं है ।

## परिशिष्ट-XXI

**आश्वासन संख्या 1122/17**

**प्रसंग एवं विषय**

**प्रश्नकर्ता**--माननीय श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० ।

**सरकारी आश्वासन**--नगर निगम के वार्ड नं० 04, 29, 31, 33, 42, 43, 44, 48, 49, 50 एवं 51 में विद्युत् की आपूर्ति जर्जर लकड़ी के पोल एवं तार को बदलने के संबंध में ।

**कार्यान्वयन प्रतिवेदन**

वस्तुस्थिति यह है कि भागलपुर शहर के नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं०-04, 29, 31, 33, 42, 43, 44, 48, 49, 50 एवं 51 में 44.238 सर्किट किलोमीटर जर्जर एल०टी० लाइन एबी० केबल के द्वारा बदला गया है तथा 1801 नये पोल लगाये गये हैं ।

विश्वासभाजन,

दिलीप कुमार सिंह,
मुख्य अभियंता परियोजना-I (शहरी) ।

बि0स0मु0 01-(एल0ए0), 2024-25 डी0टी0पी0-300

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2025